# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनाँक- 28.05.2025**

- **थाना शिवली पुलिस (साइबर हेल्प डेस्क) द्वारा कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के खाते में कुल धनराशि ₹ 61,800 को वापस कराया गया।**
- **अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदक से जरिये फोन पुलिस अधिकारी बनकर बात करना व अश्लील वीडियो देखने की बात कहकर आवेदक को डराना, धमकाना व आवेदक से 61,800/- रूपये ट्रांसफर करवा कर साइबर धोखाधडी की गयी।**
- **शिकायतकर्ता द्वारा 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करायी।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में व पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध निवारण की दिशा में साइबर क्राइम से सम्बन्धित घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, शिकायतकर्ता श्री प्रेमकुमार पुत्र गोरेलाल निवासी बाघपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात से जरिये फोन बात करते हुए साइबर ठग के द्वारा बताया कि गया कि मैं पुलिस अधिकारी बात कर रहा हूँ और तुम अपने फोन पर अश्लील वीडियो देखते हो, तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिखा गया है और अभी तुम्हें पुलिस पकड़ने आ रही है, आवेदक को डराया धमकाया और आवेदक से 61,800/- रूपये दिनांक 09.01.2025 को अपने खाते मे ट्रांसफर करवा लिया । जिसके संबंध में आवेदक/शिकायतकर्ता द्वारा दिनांक 22.02.2025 को साइबर हेल्प डेस्क थाना शिवली जनपद कानपुर देहात में शिकायत दर्ज करायी गयी। जिस पर त्वरित जांच एवं कार्यवाही करते हुए थाना शिवली पुलिस (साइबर सेल हेल्प डेस्क) द्वारा शिकायतकर्ता की सम्पूर्ण धनराशि ₹ 61,800 खाते में वापस कराये गये। पुलिस की त्वरित कार्यवाही से शिकायतकर्ता ने थाना शिवली जनपद कानपुर देहात पुलिस का धन्यवाद दिया।

**खाते से धोखाधड़ी से पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करे।**

**वापस करायी गयी धनराशि-**

**₹61,800**

**धनराशि वापस कराने वाली थाना शिवली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक श्री हरमीत सिंह
2. म0का0 1261 प्रीति सोनकर